E-mail: research@csjmu.ac.in **E-mail:** phdinfo@csjmu.ac.in

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा । ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्राप्त श्रेणी–I विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)

Date: 20/10/2024

आवश्यक सूचना

पीएच-डी० पाठ्यक्रम सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु, दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को 50 विषयों में, विश्वविद्यालय के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी। उक्त के संदर्भ में आप समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आप सभी अभ्यर्थी शोध प्रविधि के साथ अपने संबधित विषय की उत्तर कुंजी (यों) का अवलोकन विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.csjmu.ac.in पर कर सकते हैं।

उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि अभ्यर्थी (यों) को जारी की गयी उत्तर कुंजी (यों) में दिए गए उत्तर (रों) पर आपत्ति दर्ज करने हेतु निम्न प्रारूप का प्रयोग करना सुनिश्चित करें।

विषय	प्रश्न संख्या	उत्तर कुंजी में दिया गया उत्तर	अभ्यर्थी द्वारा किया जाने वाला उत्तर	प्रमाण*

***अभ्यर्थी द्वारा दावा किये जाने वाले उत्तर (ओं) की सापेक्ष उपयुक्त प्रमाण पूर्ण संदर्भ एवं स्क्रीनशॉट सहित करना अनिवार्य है।**

उपरोक्त प्रारूप के सम्बन्ध में समस्त अभ्यर्थी (जो भी दावा कर रहे हैं) निम्न दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

1. अभ्यर्थी द्वारा आपत्ति दर्ज कराये जाने की अंतिम तिथि कार्यालय आदेश निर्गत किये जाने की तिथि से 2 कार्यदिवसों अर्थात 22.10.2024 तक ही मान्य है तदोपरांत कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेंगा।
2. अभ्यर्थी अपनी समस्त आपत्तियां research@csjmu.ac.in पर ही प्रेषित करें।
3. अभ्यर्थी द्वारा दावा किये जाने वाले उत्तर (ओं) के सापेक्ष प्रस्तुत किये गए प्रमाण स्वरुप प्रमाणिक/मानकीकृत पुस्तकें/राज्य/केंद्र/मुक्त विश्वविद्यालयों द्वारा उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित माड्यूल्स अथवा ऐसा कोई प्रमाण जो मानकीकृत एवं आधिकारिक ई-संसाधनों द्वारा दिया गया हो, ही मान्य होगा।

उक्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन के अभाव में प्रत्यावेदनों पर विचार करना संभव नहीं होगा।

अधिष्ठाता
शोध एवं विकास प्रकोष्ठ

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति जी, कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. निजी सचिव, प्रति कुलपति जी, प्रतिकुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव जी, सी०एस०जे०एम०वि०वि० कानपुर।
4. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक जी, सी०एस०जे०एम०वि०वि० कानपुर।

सहायक अधिष्ठाता
शोध एवं विकास प्रकोष्ठ